दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 16.09.2023

प्रकाशनार्थ

विश्व ओजोन संरक्षण दिवस–2023 के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 16.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के शिक्षक शिक्षा विभाग में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस – 2023 के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक प्रशिक्षुओ में जागरूकता पैदा करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सभी प्रशिक्षुओ ने ओजोन संरक्षण दिवस विषय पोस्टर बनाए और एकदृएक करके सभी ने ओजोन परत के महत्व, उसके क्षरण से होने वाली हानियों एवं उसके दुष्प्रभावों तथा उसको संरक्षित करने वाले उपायों को भी बताया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस की थीम 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना था', जिसके बारे में सभी प्रशिक्षुओं को बताया गया। **पोस्टर प्रतियोगिता मैं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु शैलेन्द्र कुमार ने प्रथम, मंदाकिनी शुक्ला ने द्वितीय व दीपक कुमार एवं नरेन्द्र कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।** इस प्रतियोगिता में शैलेंद्र कुमार, विवेक द्विवेदी, संजीत, शुभम पाठक, अभिषेक कन्नौजिया , मुकेश, कुशलपाल यादव, रोहित पाण्डेय, नरेंद्र कुमार, संजय, धर्मवीर, मंदाकिनी शुक्ला सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय जंगल शालिग्राम में इंटर्नशिप कर रहे बी.एड. प्रशिक्षुओ ने पौधारोपण और जागरूकता कार्यक्रम द्वारा सभी को जागरूक किया। **पूर्व माध्यमिक विद्यालय काशीराम कंपोजिट विद्यालय के बी.एड. प्रशिक्षुओ द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलहदादपुर के प्रशिक्षुओं ने सामुदायिक जागरूकता रैली का आयोजन किया जबकि पूर्व माध्यमिक विद्यालय हजारीपुर के प्रशिक्षुओं ने ओजोन संरक्षण दिवस विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया।**

बीएड विभाग के प्राध्यापकगणरू प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार तिवारी, प्रो.(डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष चन्द्र, श्रीमती शालिनी पारिक तथा श्रीमती सुषमा राय के निर्देशन में शिक्षक–शिक्षा के समस्त प्रशिक्षुओं ने विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क